सार-समाचार

श्री कृष्णा गौशाला में गोचरी आयोजन

पाटन । ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि, पुण्यकाल के अवसर पर अमित कुमार गुप्ता (कृष्णा कंप्यूटर प्रतिष्ठान, नीमकाथाना) ने अपनी सुपुत्री दक्षिका गुप्ता के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण गौशाला, मावता में सपरिवार गोचरी करवा कर एक सराहनीय पहल की।इस अवसर पर गौशाला परिवार द्वारा अमित कुमार गुप्ता का हार्दिक आभार प्रकट किया तथा उनके पूरे परिवार की सुख-समृद्धि, दीर्घायु एवं प्रगतिशील जीवन की मंगलकामनाएँ की।श्री हनुमान गौशाला गांवडी के उपाध्यक्ष, समाजसेवी एवं भामाशाह मनोज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अमित कुमार गुप्ता क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं से संबंधित अनुदान एवं सहायता कार्यों में नि:स्वार्थ भाव से योगदान देते हैं। वे सदैव सनातन संस्कृति और गौसेवा के प्रति समर्पित रहते हैं।मनोज गुप्ता ने यह भी बताया कि श्री कृष्ण गौशाला, मावता में पहली बार गोचरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो अपने आप में प्रेरणादायी है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया कि वे जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, पूर्वजों का श्राद्ध आदि महत्वपूर्ण अवसरों को गौशाला में सेवा रूप में मनाएं ताकि गौशालाओं को निरंतर सहयोग मिल सके।

सारी पीएचसी का शिलान्यास आज

झुंझुनूं, । राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सारी का शिलान्यास दो जून सोमवार को सुबह साढे नौ बजे होगा। महेश शर्मा सारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू होंगे। जबकि अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री और पिलानी विधानसभा प्रत्याशी राजेश दहिया, चिडावा प्रधान रोहिताश जाखड, सुलताना नगरपालिका चेयरमैन घीसाराम चांवरिया, सुलताना भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार जांगिड, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, आशुसिंह शेखावत, जिला उपाध्यक्ष सुनील लांबा, हरेंद्र धनकड किठाना, मुकेश पातुसरी, सीएमएचओ डॉ. छोटे लाल गुर्जर होंगे। कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारी में होगा।

परिचय सम्मेलन संपन्न

झुंझुनूं, । हर माह के प्रथम रविवार को होने वाला अठावाल वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन अठासेन भवन झुंझुनूं में संपन्न हुआ। संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि सम्मेलन में 18 बायोडाटा आए। वहीं 14 युवक एवं चार युवतियों के बायोडाटा का पंजीयन कर बायोडाटाओं का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महेश कुमार, रामनिरंजन अठावाल, संतोष कुमार, जगदीशप्रसाद गर्ग, ममतादेवी, प्रकाश अठावाल, नवीन सिंघल, विष्णुदत्त अठावाल एवं काफी संख्या में गण मान्य जन उपस्थित रहे।

वृक्षारोपण का संकल्प लिया

चूरू । प्रत्येक रविवार को भास्कर भवन में चल रही गीता क्लासेज में रविवार को आयोजित क्लासेज में बच्चों को वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों ने संकल्प लिया कि इस बार वर्षा ऋतु के मौसम में हम सब एक-एक पेड जरूर लगाएंगे। गीता क्लासेज में नियमित अध्ययन कर रहे बच्चों को जरूरी 9 नियम और प्रार्थना का अभ्यास करवाया। इस दौरान सूरत की प्रियंका अठावाल व रेनू बजाज ने बच्चों को शब्दों के अर्थ के बारे में जानकारी दी गई। आचार्य जनार्दन ने 12वें व 15वें अध्याय की अलग से कक्षा लगवाई। इस अवसर पर मोहित सिंघानिया, प्रमोद गौड, दिव्या शर्मा, पूजा शर्मा व मेघराज बजाज ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

स्काउट ने किया जिले का प्रतिनिधित्व

सीकर । राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य स्तर का साहसिक गतिविधियों का पांच दिवसीय आबू पर्वत 26 मई से 30 मई 2025 तक आयोजित किया गया। राज्य स्तर के कार्यक्रम में थोई के मनीष कुमावत, सुदर्शन प्रजापत, जयेश कुमावत, तारूष प्रजापत, दिक्षित कुमावत, नैतिक कुमावत, रोहन खटीक ने सीकर जिले का प्रतिनिधित्व किया। राज्य स्तर साहसिक कार्य गतिविधि शिविर में जिपलाइन, रेपलिग, रॉक क्लाइंमिग, नाइट ट्रेकिंग, मंकी ब्रिज घुडसवारी ,ट्रेकिग नेचर स्टडी, कल्चर स्टडी केव , सोहन सिंह की केव शांति शिखर पोइंट टॉड राँक बाबा टेकरी गैमुख पोइंट व 50 किलोमीटर की जंगल ट्रेकिंग,सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी साहसिक गतिविधियां हुई। राज्य स्तर के इस शिविर में संपूर्ण राजस्थान से 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सहासिक शिविर का संचालन जिला मुख्यालय आबू पर्वत सिरोही सीओ जितेन्द्र भाटी के निर्देशन में हुआ। शिविर के अन्तिम दिवस पर राज्य स्तर के प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ। इस दौरान सचिव श्रीकांत शर्मा, सीनियर इंस्ट्रक्टर विक्रम जाट, इंस्ट्रक्टर भरत रैबारी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा । इस उपलब्धि पर जिला मुख्यालय सीकर सीईओ बसंत कुमार लाटा, प्रधानाध्यापक शिंभू दयाल शर्मा, सचिव सुवालाल कुमावत, उपसचिव घासीलाल वर्मा, दयालदास महाराज पशु,पालन विभाग उप-निदेशक डॉ विनोद कुमावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभु दयाल कुमावत ने उज्जवल भविष्य की कामना की

पौधों को पिलाया पानी

झुंझुनूं। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वृक्षप्रेमी वीर नागरमल जांगिड व सविता देवी जांगिड की वैवाहिक वर्षगांठ पर डूंगरी बालाजी मंदिर परिसर में करीब 150 पेड़ों में टैंकरों द्वारा दो दिन से लगातार पानी दिया गया। वीर नागरमल जांगिड द्वारा हर वर्ष जहां भी पेड़ प्यासे दिखाई देते हैं। वहां पर पानी डालने का कार्यक्रम अनवरत चालू रहता है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड, देवेंद्र कुमार गौड, विमल कुमार जांगिड एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

योग शिविर आयोजित

चूरू । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुर्वेद विभाग की ओर से होने वाले जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर चल रहे योग शिविर में योग के माध्यम से शहरवासी स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला मुख्यालय पर नेचर पार्क, इंद्रमणि पार्क, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, आपणी पाठशाला व अठासेन नगर पार्क में योग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को अठासेन नगर पार्क में त्रिनेत्र योग धाम के योगाचार्य डॉ. मनोज शर्मा व अरविंद सिंह राठौड के नेतृत्व में योग शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. मनोज शर्मा ने उपस्थित जनों को शरीर को स्वस्थ रखने के घरेलू नुस्खे व उपाय बताये। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इस भागमभाग भरी जिन्दगी में लोग अपने शरीर व खान-पान का ध्यान नहीं रखते हैं और अनेक बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। अत: हमें अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ योग के माध्यम से शरीर पर ध्यान देना चाहिये। इस दौरान योगाचार्य डॉ. शर्मा ने सूक्ष्म योग क्रियाओ का अभ्यास करवाया। इसमें ढोलक ताली योग के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि इससे हथेलियों एवं दोनों पैरों पर एक्यूप्रेशर से शरीर के ब्लड स्कुलेशन को सक्रिय किया जा सकता है। इस दौरान अठासेन नगर विकास समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, परिषद अध्यक्ष उमेशचंद्र चौहान, विमल कुमार भटनागर व निरंजन चोटिया ने योगाचार्य डॉ. मनोज षर्मा का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। योग प्रशिक्षक अरविंद सिंह राठौड ने कहा कि अधिक से अधिक व्यक्तियों को इस योग शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रमोद कुमार गौड, सज्जन लाटा, दुलीचंद सोनी, पुनित लाटा, हुक्कमचन्द गौड, जगमोहन महर्षि, संदीप शर्मा सहित बडी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चें उपस्थित थे।

चाणक्य जयंती मनाई

झुंझुनूं, । स्थानीय राणी सती रोड स्थित पांडे जी का राधा कृष्ण मंदिर में एक जून को मनाए जाने वाली चाणक्य जयंती जो अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस के रूप में मनाया गया। इस शृंखला में विप्र कल्याण संस्थान रजिस्टर्ड झुंझुनूं के तत्वावधान में एडवोकेट सुशील जोशी एव पवन पुजारी के सानिध्य में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम संयोजक पवन पांडे ने बताया कि इस अवसर पर कमलकांत शर्मा, रामगोपाल महमिया, वशिष्ठ कुमार शर्मा, राजेंद्र पांडे, राकेश सहल आदि वक्ताओं ने कहा कि यह दिवस ब्राह्मण समुदाय के योगदान को और ज्ञान को याद करने के लिए मनाया जाता है। आचार्य चाणक्य एक महान दार्शनिक, रणनीतिकार और शिक्षक थे। इस अवसर पर श्यामसुंदर निर्मल, चंद्रप्रकाश जोशी, एडवोकेट कमल शर्मा, विनोद महमिया, ओमरतन जोशी आदि मौजूद थे।

झरडावाली ढाणी में विधायक विक्रम सिंह जाखल का किया अभिनंदन

नवलगढ, । बिरोल ग्राम पंचायत की झरडा वाली ढाणी में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। विधायक विक्रम सिंह जाखल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। पूर्व सरपंच घासीराम सैनी, लक्ष्मणराम सैनी, फूलचंद सैनी, गोगाराम सैनी बतौर मंचस्थ अतिथि थे। ढाणी के लोगों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर विक्रम सिंह जाखल का अभिनंन्द किया। वहीं ढाणी के लोगों ने पुष्प माला पहनाकर विधायक विक्रम सिंह जाखल का नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि विधानसभा में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं आने दे जाएगी। सभी ठााम पंचायतों में विकास कार्य करवाए जाएंगे। वहीं अभिनंदन समारोह के बाद में विधायक विक्रम सिंह जाखल ने ढाणी में जनसुनवाई भी की।

ढाणी के लोगों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर विक्रम सिंह जाखल का अभिनंन्द किया ।

■ अभिनंदन समारोह के बाद में विधायक विक्रम सिंह जाखल ने ढाणी में जनसुनवाई भी की।

जनसुनवाई के दौरान आई समस्याओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं झरडावाली ढाणी के लोगों की मांग पर शिव मंदिर के पास में विधायक ने ट्यूबवैल लगवाने व अन्य विकास कार्य करवाने की घोषणा की। विधायक विक्रम सिंह जाखल के अथक प्रयासों से बिरोल रोड से लेकर झरडावाली ढाणी के मध्य से होकर राणोली जोहडी तक जाने वाली सडक स्वीकृत हो चुकी हैं। इस दौरान सुरेश सैनी, प्रहलाद सैनी, ताराचंद बुरडक, राजेंद्र प्रसाद सैनी, लक्ष्मण सैनी, महेंद्र सैनी, गुलजार सैनी, प्रभुदयाल मीणा, सुभाष सैनी, केशर सैनी, बाबूलाल सैनी, गिरधारीलाल सैनी, ओमप्रकाश सैनी, राहुल सीगड, लालचंद सैनी, मगराज सैनी, हरलाल सैनी, बबलू सैनी, जितेंद्र सैनी, गोगाराम सैनी, ओंकारमल सैनी, फारूक, फूलचंद सैनी, निवास राड, विनोद सैनी, हीरालाल सैनी, पवन सैनी, विकास राड, पवन सैनी, कैलाश सैनी, राजू सैनी, गहलोत सैनी, हरलाल सैनी, श्यामलाल सैनी, महेश सैनी, शंकरलाल सैनी सहित ढाणी के कई लोग मौजूद रहे।

रेल यात्रियों को ठंडा जल पिलाया

सीकर । तपती धूप में रेल यात्रियों राहगीरों की सहायता के लिए राजस्थान राज्य स्काउट गाइड के सदस्यो द्वारा जिले भर में विभिन्न स्थानों पर जल सेवा संचालित की जा रही है। जिसके तहत राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में विभिन्न भामाशाहों के सहयोग से रेलवे स्टेशन सीकर पर ठंडे पानी की जल सेवा की जा रही है, जिसमें यात्रियों को हर कंपार्टमेंट के पास जाकर ठंडा जल पिलाया जा रहा है। पांच रेल के यात्रियों को प्रात: 10:30 बजे से सायं 3:30 बजे तक ठंडी और मीठी रसना, ठंडा ठंडा जल, शिकंजी, महेंद्र कुमार पारीक, मनोहर लाल, देवी लाल जाट, पुरुषोत्तम शर्मा, गुरु दयाल सिंह नरूका, ठ्ठप लीडर मरुधर ओपन रोवर क्रू जिला मुख्यालय सीकर, अंकित शर्मा, लखन बावरिया सीनियर रोवर मेट, जितेंद्र रोवर मरुधर ओपन रोवर क्रू जिला मुख्यालय सीकर,, सुभाष पारीक,नवीन सेन ,गौरव शर्मा राज्य पुरस्कार स्काउट ,अनेक सदस्य कई दिनों से शानदार सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

नमस्कार महामंत्र का अनुष्ठान

राजलदेसर । मदन दाधीच युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमण के विद्वान सुशिष्य मुनिश्री जयकुमार ठाणा 2 के पावन सान्निध्य में अपने मन, वाणी और कर्म को शुद्ध करने, अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने एवं शक्तिसंवर्धन करने और प्रतिरोधात्मक क्षमता का विकास करने हेतु राजलदेसर के वृद्ध साध्वी सेवा केंद्र पूर्व (पुराना ठिकाणा) में नमस्कार महामंत्र आध्यात्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सुबह 9 से 10 बजे तक हुए इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में अपने जीवन को आध्यात्मिक शांति और शुद्धता से भरने के लिए सर्व समाज ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुनिश्री जयकुमार ने आचार्य महाप्रज्ञ की पुस्तक एसो पंच णमोक्कारो का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए नमस्कार महामंत्र की महत्ता बताते हुए फरमाया नमस्कार महामंत्र सब पापों का नाश करने वाला और सब मंगलों में प्रथम मंगल है। यदि शुद्ध मन और श्रद्धा के साथ नमस्कार महामंत्र की एक माला कर ली जाए तो एक तेले का लाभ मिलता है। नमस्कार महामंत्र आध्यात्मिक अनुष्ठान में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, महिला मंडल, युवक परिषद आदि शामिल हुए।

सेवानिवृत होने वाले सहायक लेखाधिकारी का अभिनंदन

रतनगढ(निसं) पंचायत समिति, रतनगढ के सहायक लेखाधिकारी ठोड प्रथम सफी मोहम्मद का सेवा निवृति समारोह का आयोजन बीडीओ जगदीश प्रसाद व्यास के नेतृत्व में समिति के चौपाल सभागार में किया गया। सफी मोहम्मद अपनी सैंतीस वर्षीय राजकीय सेवा पूर्ण करने उपरांत सेवा निवृत हुए हैं। सेवा निवृति के इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रधान मोहनीदेवी द्वारा की गयी तथा मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा थे। इस अवसर पर उद्बोधन देते हुए मुख्य अतिथि रामकुमार वर्मा ने कहा कि, सेवानिवृति समारोह किसी भी कर्मचारी की एसीआर भरने के बराबर होता है। आपने अपने राजकीय सेवाओं में किसप्रकार से जनता के हितों का कार्य किया है यह आपके सेवा निवृति समारोह में उपस्थित जनसमूह की भावनाओं से प्रकट होता है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत राज अतिरिक्त आयुक्त लीगल शोभा पिल्लई ने सफी मोहम्मद के राजकीय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, उनके कार्यों से हमें निरंतर सकारात्मकता के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में सेवानिवृत होने वाले सहायक लेखाधिकारी सफी मोहम्मद को रजतजडित कुरान शरीफ, अभिनंदन पत्र भेंट कर, साफा, शॉल एवं माल्यार्पण से अभिनंदन किया गया। विभिन्न विभागों, समाजसेवियों द्वारा भी इस अवसर पर सफी मोहम्मद का सम्मान किया गया। और उन्हें भावभीनी विदाई दी। समाजसेवी इन्द्रराज खीचड, प्रो.डॉ.शेर मोहम्मद, सरपंच फॉर्म अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड, बीडीओ जगदीश प्रसाद व्यास, पूर्व प्रधान अर्जुनसिंह फ्रांसा, जिला परिषद् सदस्य मालीराम सारस्वत, अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रेम कुमार शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह राठौड, सहायक विकास अधिकारी दिलीप सोनी ने भी संबोधित किया। अपने सेवा काल के विभिन्न संस्मरणों को याद करते हुए सफी मोहम्मद भी भावुक नजर आये। कार्यक्रम में ठााम विकास अधिकारी संघ के मघाराम, छत्रपाल शर्मा, परमेश्वरी चौहान,अरूण राजपुरोहित, सरपंच संघ के विक्रमपाल, दातारसिंह,पप्पू कादिया, मंत्रालयिक संघ के अनिल पारीक, राजेन्द्र सूडा, नरेगा संघ के दिलीप, विकास, मुकेश, हेमंत, पुरूषोत्तम, मनोज सहित डीओआईटी, सांख्यीकी, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बालविकास विभाग, राजीविका मिशन सहित नगर के गणमान्य जन एवं सफी मोहम्मद के परिवारजन उपस्थित रहे।

■ सेवानिवृति समारोह किसी भी कर्मचारी की एसीआर भरने के बराबर होता है। आपने अपने राजकीय सेवाओं में किसप्रकार से जनता के हितों का कार्य किया है यह आपके सेवा निवृति समारोह में उपस्थित जनसमूह की भावनाओं से प्रकट होता है।

ताम्रायत बने निर्विरोध अध्यक्ष

रतनगढ(निस) स्थानीय श्री परशुराम अतिथि भवन में गौड ब्राह्मण सेवा समिति की आम सभा आयोजन किया गया।निर्वाचन अधिकारी वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके बाद स्वागत भाषण वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा द्वारा दिया गया तथा विनोद चौमाल कोषाध्यक्ष द्वारा गत तीन वर्षों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात अध्यक्ष जयकांत बिंवाल द्वारा किया गत तीन वर्षों में किये गए कार्य का विवरण प्रस्तुत किया गया।उसके बाद गौड ब्राह्मण समाज के उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा सर्व सहमति से जयप्रकाश ताम्रायत का अध्यक्ष पद हेतु निर्विरोध चयन किया गया।

इस अवसर पर शिक्षाविद् अंबिका प्रसाद हारित, सागर मल आत्रेय, राजकुमार महर्षि, गौतम महर्षि, जगदीश धर्ड, संतोष बाबू इंदौरिया , भवानीशंकर शर्मा, जयकांत बिवाल, बनवारी लाल हरितवाल, भजन लाल इंदौरिया, राजकुमार चाकलान, बनवारीलाल महर्षि, कन्हैयालाल चौमाल थे।

इस मौके पर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए निरंजन ताम्रायत, मनीष शर्मा एडवोकेट, बाबूलाल महर्षि, जयप्रकाश इंदौरिया, कमल कुमार शर्मा ने अपने सुझाव प्रकट किए

कार्यक्रम समापन पर शांति पूर्वक निर्वाचन करवाने पर निर्वाचन अधिकारी वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, वासुदेव चाकलान, व एडवोकेट प्रमोद इंदौरिया का समिति की ओर से अभिनंदन किया गया

कार्यक्रम का संचालन रवि बोगड , धीरेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया तथा समिति के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल इंदौरिया के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

समर कैंप का समापन

झुंझुनूं, । जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों ने चित्रकला, संगीत, नृत्य, घुडसवारी, खेलकूद और जीवन कौशल जैसी विविध गतिविधियों में भाग लिया। जिससे उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। समापन समारोह में बच्चों को उपहार वितरित किए गए। यह शिविर न केवल मनोरंजन का साधन रहा, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी बना।

चूरू में 22 केंद्रों पर हुई प्री डीएलएड परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

चूरू । वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की ओर से राजस्थान में प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षण के लिए रविवार को जिले के 22 केन्द्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजस्थान बीएसटीसी प्री डीएलएड परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर पहली पारी में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पारी में दोपहर 2.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक परीक्षा हुई। पहली पारी में अभ्यर्थियों को प्रात: 8.30 बजे प्रवेश दिया गया, जबकि दूसरी पारी वाले अभ्यर्थियों को दोपहर दो बजे तक प्रवेश दिया गया। इस बार लगभग अभ्यर्थी समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। हालांकि कुछ अभ्यर्थी देरी से पहुंचे लेकिन वे दौडते हुए 5 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर राहत की सांस ली। परीक्षा समन्वयक डॉ. मंजु शर्मा ने बताया कि जिले के 22 केंद्रों पर हुई प्री डीएलएड परीक्षा में कुल 14 हजार 11 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। पहली पारी में पंजीकृत 7006 अभ्यर्थियों में से 6 हजार 373 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 633 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में कुल 7005 अभ्यर्थियों में से 6 हजार 352 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि 653 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

अभ्यर्थियों की पूरी जांच कर उन्हे प्रवेश दिया।

सार-समाचार

पाटन तहसील में आदिवासी मीणा समाज के चुनाव सम्पन्न

पाटन । राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ, जिला सीकर की पाटन तहसील इकाई के चुनाव रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनावी सभा का आयोजन मीणा बाहुल्य गाँव न्योराना के चौक में हुआ, जिसकी अध्यक्षता हरीराम मीणा ने की। सभा में चुनाव अधिकारी होशियार मीणा तथा पर्यवेक्षक भीवाराम मीणा उर्फ रामकरण मीणा (जिला उपाध्यक्ष) की देखरेख में मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। निर्वाचन परिणाम पत्र के अनुसार, निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए जिससे बाबूलाल मीणा (न्योराना) अध्यक्ष,रामावतार मीणा (डोकन) मंत्री,शीशपाल मीणा (कालामेडा) कोषाध्यक्ष,सुरेन्द्र मीणा (हसामपुर) कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं।कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सीमा मीणा (नयाबास) ने बताया कि चुनावी सभा में भारी संख्या में समाजजन एवं संगठन के वैधानिक सदस्य मौजूद रहे। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। चुनाव अधिकारी ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं उनकी टीम को निर्देशित किया कि वे क्षेत्रीय संतुलन एवं संगठनात्मक समावेशिता सुनिश्चित करते हुए आगामी 7 दिनों में 21 सदस्यीय तहसील कार्यकारिणी का गठन करें और संबंधित रिपोर्ट जिला महामंत्री को प्रस्तुत करें।इस अवसर पर शपथ ठाहण समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों ने आदिवासी मीणा समाज की पुरातन संस्कृति, सभ्यता, सामाजिक न्याय एवं सच्चाई के मूल्यों को संरक्षित रखने की शपथ ली। जिला महामंत्री एवं चुनाव नोडल अधिकारी बाबूलाल काँवट ने जानकारी दी कि एक सप्ताह पूर्व जारी चुनाव अधिसूचना के अनुसार धोद तथा सीकर तहसीलों के चुनाव सोमवार, 02 जून 2025 को सम्पन्न होंगे।

ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन

पाटन । सीकर-दिल्ली हाईवे स्थित गुढा पब्लिक स्कूल, नीमकाथाना में चल रहे दस दिवसीय ठाीष्मकालीन शिविर का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि गुढा एजुकेशन हब के चेयरमैन संपत बेनीवाल ने सभी प्रतिभागियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर बच्चों में आत्मनिर्भरता, कार्यशीलता तथा नवाचार को विकसित करने में सहायक होते हैं। ये कैंप बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कुछ नया सीखने और करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढती है।बेनीवाल ने कहा कि बच्चों को इस प्रकार के शिविरों में बढ-चढकर भाग लेना चाहिए ताकि वे अपने छिपे हुए कला-कौशल को पहचान सकें और अवकाश काल में भी एक नियमित जीवनशैली को अपनाते हुए सकारात्मक दिशा में आगे बढ सकें।विद्यालय निदेशक के. सत्येंद्र ने ठाीष्मकालीन शिविर की प्रमुख गतिविधियों एवं आकर्षणों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपने जीवन में कुछ नया सोचने, नया करने और देश के प्रति समर्पित भावना से आगे बढने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के शैक्षिणक विकास के साथ-साथ उनके सहशैक्षिणक, सामाजिक, भावनात्मक एवं क्रियात्मक विकास में भी सहायक होते हैं।विद्यालय प्राचार्य डॉ. पी. के. भाटी ने बताया कि इस शिविर में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जो विभिन्न स्कूलों से थे। शिविर में बच्चों ने योग, नृत्य, संगीत, इनडोर गेम्स, शूटिंग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्विमिंग, कंप्यूटर एवं वैदिक गणित जैसी विविध कलात्मक गतिविधियों में ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया।डॉ. भाटी ने शिविर के सफल संचालन हेतु विद्यालय प्रबंधन, निदेशक, प्रशासक,सभी कोचों, शिक्षकों,विद्यार्थियों तथाअभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों की कडी मेहनत, सीखने की लगन और जज्बे की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एडमिनिस्ट्रेटर अजय धायल, शिविर संयोजक दिनेश शर्मा, पूर्णिमा जांगिड तथा समस्त विद्यालय टीम का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा।समारोह के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को ठाीष्मकालीन शिविर में भागीदारी हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

भारतीय सेना के सम्मान में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

रतनगढ(निसं)। पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में मातृशक्ति ने रविवार को शहर में भाजपा नेत्री व जिला संयोजक भारती मुदगल के नेतृत्व में पूर्व सरपंच पवन सिंह कुसुमदेसर व पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया के सानिध्य में सैकडो महिलाओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली । तिरंगा यात्रा पोद्दार गेस्ट हाउस से रवाना हो कर घंटाघर स्थित भैरव बाबा के मंदिर तक पहुंची, वहीं व्यापारियों ने जगह-जगह अपने प्रतिष्ठानों से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया । भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना जिंदाबाद, वंदे मातरम व भारत माता की जयकार के नारे लगाते हुए डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए उत्साह के साथ यात्रा निकाली । इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर यात्रा की जिला संयोजक भारती मुद्गल ने कहा कि किसी ने सच ही कहा है कि भारतीय तिरंगा हवा से नहीं बल्कि भारतीय सेना के जवानों की सांसों से लहराता है । उनके शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस से आज भारत माता का मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा हुआ है ।भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया व पूर्व सरपंच पवन सिंह कुसुमदेसर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने भारतीय नारी की शक्ति को चुनौती दी थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारी सेना को खुली छूट देकर कडी कार्यवाही करवाते हुए आतंक और आतंकवादियों के फन को कुचलने के साथ कडा प्रहार किया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रकाश चंद्र पारीक, जिला उपाध्यक्ष सुप्यार चारण, मंजू बानो, इंदिरा देवी, शंकरलाल कम्मा, मोहनलाल बबेरवाल, मदनलाल सैनी, पूरणमल गोदारा, भरत सैनी, मनोज जोशी, युवा नेता अनूप पीपलवा, मनोज हारित, संतोष कुमार जोशी, नेमीचंद हारित, संतोष महर्षि, राजेंद्र सांखला,बंशीधर स्वामी,राकेश सोनी, भंवरअली बिसायती, रामगोपाल पारीक, रामगोपाल चौधरी सहित सैकडो की संख्या में मातृशक्ति के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

चिकित्सालय का भूमिपूजन

लक्ष्मणगढ शेखावाटी । राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर इंदौरिया नर्सरी के नंदीशाला में गौवंश के नि:शुल्क इलाज के लिए बनने वाले गौ चिकित्सा अस्पताल के लिए शनिवार को बुद्धिगरी मंडी फतेहपुर के पीठाधीश्वर दिनेश गिरी महाराज व श्री शील जति महाराज भोजासर बडा शिवराज जति महाराज के सानिध्य एवं समाजसेवी पवन बूटोलिया के मुख्य यजमानी में भूमि पूजन समारोह आयोजित हुआ। आयोजित भूमि पूजन समारोह में दानदाताओं में 2 लाख रुपए बलबीर सिंह सारण, 51 हजार ओमप्रकाश बनाईवाले, 51 हजार रूपए बाबूलाल चिराणिया, 21 हजार रूपए एसएन स्कूल , 51 सौ रुपए नरोत्तम व्यास, 51 सौ रुपए श्रीराम शर्मा, 51 सौ रुपए पवन शर्मा, 21सौ रूपए बालकृष्ण शर्मा ने गौ चिकित्सालय के लिए प्रदान करने की घोषणा की । इस अवसर पर पशुपालन चिकित्सा विभाग के उपनिदेशक डॉ मोहन भोगे, रतन चिराणिया, पवन बुटोलिया, बलवीर सारण, ओमप्रकान बनाईवाले, पवन गोयनका ,ललित भूत, नरोत्तम व्यास,प्रमोद मंगलूणेवाला, श्याम सुंदर खा